www.livehindustan.com

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
12 अप्रैल 2024, नोएडा, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

चतुर्थकम् कूष्माण्डा

करोतु सा नः
शुभहेतुरीश्वरी
शुभानि
भद्राण्यभिहन्तु
चापदः

तैयारी | ग्रेटर नोएडा वेस्ट में परियोजना के निर्माण कार्य को लेकर सर्वेक्षण पूरा हो चुका, अब रूट डायवर्जन का चार्ट तैयार होगा

गौर सिटी चौक पर अंडरपास का काम जल्द शुरू होगा

ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सबसे बड़े चौराहे गौर चौक (किसान चौक) पर अंडरपास का निर्माण जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए प्राधिकरण ने सर्वेक्षण पूरा करा लिया है। अब रूट डायवर्जन का चार्ट तैयार किया जा रहा है। जल्द ही प्राधिकरण की टीम यातायात डीसीपी के साथ बैठक कर रूट डायवर्जन की रिपोर्ट तैयार करेगी। इस अंडरपास को बनाने में 93 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आबादी तेजी से बढ़ रही है। यहां के सबसे व्यस्त चौराहे पर यातायात का दबाव भी बढ़ रहा है। जाम की समस्या न हो, इसके लिए अस्थायी विकल्प के तौर पर चौराहे के दोनों तरफ दो यूटर्न बने हैं। गौर सिटी की तरफ से सूरजपुर या नोएडा को जाने वाले वाहन 130 मीटर रोड पर बने यूटर्न से होकर गुजरते हैं। इसी तरह 130 मीटर रोड या सूरजपुर की तरफ से गौर सिटी और प्रताप विहार को जाने वाले वाहन नोएडा की तरफ बने यूटर्न से होकर जाते हैं। इसका स्थायी समाधान कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सरकारी सलाहकार एजेंसी राइट्स से इस चौराहे का सर्वेक्षण कराया है।

कंपनी ने अंडरपास निर्माण से पहले वहां पर आईजीएल लाइन, पेड़, फुटपाथ समेत अन्य बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार कर प्राधिकरण को सौंपकर यहां अंडरपास बनाने का सुझाव दिया। यह अंडरपास चौराहे पर 130 मीटर रोड को क्रॉस करते हुए 60 मीटर रोड के समानांतर बनेगा, यानी प्रताप विहार से सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा के बीच वाहन अंडरपास से होकर गुजरेंगे। यूटर्न तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे समय और ईंधन दोनों की ही बचत होगी। इसके निर्माण में करीब दो साल लगने का अनुमान है।

तीन जगह एफओबी बनाने का सुझाव

लोगों ने प्राधिकरण को ग्रेनो वेस्ट में तीन स्थानों पर एफओबी बनाने का सुझाव दिया है। प्राधिकरण इसको लेकर विचार कर रहा है। ये एफओबी गौर सिटी, शाहबेरी और ऐस सिटी हनुमान मंदिर के पास बनेंगे। इनके बनने से पैदयात्रियों को राहत मिलेगी। इसको लेकर बीते दिनों नफोवा के सदस्यों ने प्राधिकरण पहुंचकर धरना-प्रर्दशन भी किया था। इसके बाद इस सुझाव पर प्राधिकरण ने काम करना शुरू कर दिया है।

एक फुटओवर ब्रिज बना, सात और बनेंगे

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कुल आठ जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनवा रहा है, जिसमें से एक मूर्ति गोलचक्कर पर बनकर तैयार हो गया है। बाकी सात फुटओवर ब्रिज सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्पलेक्स के सामने, ओमेगा शापिंग कॉम्पलेक्स, दुर्गा टॉकीज जंक्शन, कलेक्ट्रेट के सामने, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक इकोविलेज के सामने बनने हैं। इनको पीपीपी मॉडल पर बनाया जाएगा।